वी.यू. द्वारा गोसलपुर गौ शाला में पंचगव्य उत्पादों का प्रदर्शन

प्रदेश सरकार के गौ संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा, विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देशानुसार वि.वि. अंतर्गत पंचगव्य इकाई द्वारा गोसलपुर स्थित गौ शाला में स्टॉल लगाया गया। जिसमें देशी गाय के शुद्ध गोबर से बने गौकाष्ठ, फ्लोर क्लीनर, हवन टिकियां, दिये, गोबर के गमले, गोबर खाद, गाय के गौमूत्र से बने अर्क का प्रदर्शन, प्रचार–प्रसार के साथ बिक्री की गई। जिसकी अतिथियों द्वारा सराहना की गई, साथ ही पर्यावरण को बचाने के लिये वि.वि. द्वारा प्रयासरत कार्य को एक सराहनीय पहल बताया। श्री बालेन्द्रन तिवारी, श्रीमति मौसमी तिवारी, द्वारा पंचगव्य, इकाई से बने गोबर सामाग्री के निर्माण विधि, उपयोगिता को विस्तार पूर्वक बताया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर इलैयाराजा टी., श्री अखिलेश जैन, सयुंक्त संचालक पशुपालन एवं डेयरी, डॉ. ए.पी. गौतम, उप संचालक, डॉ. एस.के. वाजपेयी, एस.डी.एम. सिहोरा, आशीष पांडे तथा विमल जैन सहित जैन समाज एवं विद्यासागर सेवा आश्रम समिति के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर